राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

क्रमांक RHC/Lib./NL/2019-20/ 1. दिनांक 13/08/2019.

निविदा सूचना

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय , जोधपुर के कार्यालय द्वारा दो वर्षों के अनुबंध **336** कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा अर्द्ध वार्षिक मुद्रण व सप्लाई करने हेतु दरों के सं में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है । जिसकी अनुमानित लागत लगभग रू **2,60,000/-** द्विवार्षिक है । निविदा प्रपत्र दिनांक **16.08.2019** से दिनांक **26.08.20** तक कार्यालय समय में मुख्य रोकड़पाल से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता मोहरबंद निविदाएँ दिनाँक **27.08.2019** को प्रातः **11.00** बजे तक कार्यालय में जमा कर जा सकेंगी । प्राप्त निविदाऐं दिनाँक **27.08.2018** को ही प्रातः **11.30** बजे उपस्थि निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी । निविदा का विस्तृत विवरण एवं श विभाग की वेबसाइट http://www.hcraj.nic.in पर देखी जा सकती है ।

आज्ञा से

रजिस्ट्रार (प्रशासन)

निविदा शुल्क रूपये 200/-

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

Registrar (Admn.) Rajasthan High Court Jodhpur.

निविदा प्रपत्र क्रमांक RHC/Lib./NL/2019-20/____ दिनांक____________

निविदा प्रपत्र

1.कार्य का नाम : माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा के मुद्रण व सप्लाई का कार्य ।

2.निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म --

का नाम व पूर्ण पता मय --

टेलीफोन एवं मोबाइल नम्बर : --

3. निविदा सूचना क्रमांक : RHC/ Lib./Newsletter/2019-20/1. दिनांक 13.08.2019

4.निविदा शुल्क की राशि ______200/-______ रूपये नकद रसीद / चालान संख्या एवं दिनांक ____________________ के द्वारा जमा करा दी गई हैं ।

5. हम राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा जारी की गयी निविदा सूचना सं. RHC/Lib./Newsletter/2019-20 /1. दिनांक 13.08.2019 में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट (इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये हैं) में दी गई उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं ।

6. निम्नलिखित मदों के प्रदाय के लिये एक बार के न्यूजलेटर के मुद्रण की एक प्रति की दरें निम्न प्रकार होगी तथा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की मात्रा उनके प्रत्येक के सामने अंकित की गई है :-

क्र. सं.	प्रिटिंग किये जाने वाली वस्तु का विवरण मय विनिर्देशों के	दरें प्रति News letter कॉपी	मात्रा	शुद्ध मूल्य (सभी कर / FOR सहित)
1	2	3	4	5
	कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिंटेड लिफाफा की साइज 22 X 28, 23 X 31 सें.मी. क्रमशः होगी और इसके पृष्ट 64 होगें जो घट-बढ़ भी सकते हैं इस कोर्ट न्यूज लेटर के पेपर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले नमूने के अनुरूप होंगें । इस के सभी पृष्ठ 170 जी.एस.एम. के तथा मुख एवं अंतिम पृष्ठ हेतु आर्ट कार्ड प्लास्टिक लेमिनेशन सहित 350 जी.एस.एम. के एवं प्रिन्टेड लिफाफा हेतु आर्ट पेपर 100 जी.एस.एम. मय पर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित कलर स्कीम (Colour Scheme)में ही प्रकाशित करना होगा तथा इसकी बाईण्डिग / सिलाई जुज अथवा लपेट में होनी चाहिए । कोर्ट न्यूज लेटर हेतु Manuscript एवं नमूना कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा । न्यूजलेटर के छपने के बाद उसकी Soft Copy को DVD में कवर पेज सहित यानि पेज एक से अंत तक (पूरा न्यूजलेटर) इस कार्यालय को उपलब्ध करवाना होगा ।		**336**	

7. फर्म द्वारा आदेश प्राप्ति की दिनांक से 10 दिवस के भीतर प्रिंटेड न्यूज लेटर मय प्रिंटेड लिफाफा की सुपुर्दगी कार्यालय को कर दी जायेगी ।

8. उक्त उद्धत की गई दरें कार्यादेश की दिनांक से पूरे दो वर्षों के अनुबंध तक के लिये विधि मान्य हैं ।

9. बयाना राशि (2%) के पेटे डीडी / बैंकर चैक जो (रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर) पर आहरित किया गया हैं । नकद रसीद संख्या _______ और दिनांक ________ संलग्न है ।

आयकर / एस. टी. / GST चूकता प्रमाण पत्र संलग्न है ।

निविदा दाता के हस्ताक्षर

राजस्थान उच्च न्यायालय, जाधुपर

निविदा की शर्तें

1. माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय , जोधपुर कार्यालय द्वारा दो वर्षों के अनुबंध हेतु 336 कोर्ट न्यूज लेटर अर्द्ध वार्षिक मुद्रण कर सप्लाई करने हेतु दरों के संबंध में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा की साईज 22 X 28, 23 X 31 से. मी. क्रमशः होगी और इसके पृष्ठ 64 होंगें जो घट-बढ. भी सकते हैं इस कोर्ट न्यूज लेटर के पेपर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले नमूने के अनुरूप होंगें । इस न्यूजलेटर के सभी पृष्ठ 170 जी.एस. एम. के तथा मुख एवं अंतिम पृष्ठ हेतु आर्ट कार्ड प्लास्टिक लेमिनेशन सहित 350 जी.एस. एम. के एवं प्रिन्टेड लिफाफा हेतु आर्ट पेपर 100 जी.एस.एम. मय पर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित कलर स्कीम (Colour Scheme) में ही प्रकाशित करना होगा तथा इसकी बाईण्डिग / सिलाई जुज अथवा लपेट में होनी चाहिए । कोर्ट न्यूज लेटर हेतु Manuscript एवं नमूना कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा । (अनुमानित लागत लगभग **2,60,000/-** रूपये द्विवार्षिक हैं)
2. निविदा प्रपत्र दिनांक **16.08.2018** से **26.08.2019** तक कार्यालय समय पर रोकड़ पाल से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है तथा समस्त भरी हुई मुहरबंद निविदाऐं दिनांक **27.08.2019** को प्रात : **11.00** तक कार्यालय के रोकड़पाल के पास जमा करायी जा सकेगी जो दिनांक **27.08.2019** को उसी दिन प्रात : **11.30** बजे उपस्थित आवेदकों / प्रतिनिधियों के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेंगी । विलम्ब से प्राप्त निविदा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

3. निविदा दाताओं को मुद्रण व सप्लाई राशि का 2 % कार्यालय में बयाना राशि (अरनेस्ट मनी) के रूप में नकद अथवा Demand Draft के रूम में जमा करवाना होगा । डिमाण्ड ड्राप्ट 'रजिस्ट्रार जनरल' राजस्थान उच्च न्यायालय , जोधपुर के नाम से देय होगा । निविदा प्रपत्र के साथ नकद की रसीद या Demand Draft मूल रूप से संलग्न करना होगा तथा लिफाफे के बाएँ कोने में निविदा कर्त्ता का नाम, पूर्ण पता एवं फोन /मोबाईल नम्बर लिखे होने चाहिए ।

4. निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत दरें सभी करों सहित शब्दों एवं अंकों में स्पष्ट रूप से लिख कर अंकित करनी होगी । निविदा प्रपत्र व संलग्न सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करने होंगें तथा काँट-छाँट होने पर अपने लघु हस्ताक्षर करके दरें पृथक से स्पष्ट रूप से लिखनी होगी । निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत दरों में सामान को निर्दिष्ट स्थान पर पहुँचाने का खर्चा (हेण्डलिंग चार्जेज) भी सम्मिलित होगा ।
5. मुद्रित किये जाने वाले कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा का ले-आउट और डिजाइन उच्च एवं अच्छे स्तर का होना चाहिये । मुद्रित किये जाने वाले वाले कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा का ले-आउट और डिजाइन माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से अनुमोदित करवाना होगा ।

6. कोर्ट न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा की साईज, पेपर का प्रकार, कलर फोटोग्राफ में प्रयोग में ली जाने वाली स्याही माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से अनुमोदन करवाने के पश्चात् ही कोर्ट न्यूज लेटर का मुद्रण एवं सप्लाई तदनुरूप होनी चाहिए ।

जारी............पृष्ठ / 2.

7. माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के कार्यालय द्वारा मुद्रित किये जाने वाले कोर्ट न्यूज लेटर की Manuscript / Soft कॉपी उपलब्ध करवायी जायेगी जिसकी प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर मुद्रित कोर्ट न्यूज लेटर की नमूना कॉपी कार्यालय में उपलब्ध करवाई जानी आवश्यक होगी जो कार्यालय द्वारा प्रूफ रीडिंग के पश्चात् लौटाने की तारीख से 10 दिवस के भीतर मुद्रित कर कार्यालय में स्वयं के खर्चे पर उपलब्ध करवानी होगी ।
8. निविदादाता को चाहिए कि वह कार्यालय के निविदा प्रपत्र में ही अपनी दरें अंकित करें तथा विभाग की निविदा प्रस्ताव को भरते समय वह अपने GST Registration प्रमाण पत्र की फोटो प्रति स्वयं प्रमाणित कर संलग्न करें ।

9. अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा । संतोषप्रद आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान देय होगा । आपूर्ति आदेशानुसार वर्णित समय सीमा में वांछित प्रिंटिंग एवं बाइडिंग व निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप एक साथ करनी होगी । आपूर्ति आदेशानुसार नहीं होने पर सफल निविदादाता के खर्चे पर लौटाया जा सकेगा तथा पूर्वोक्त कार्य अन्य प्रकाशक से करवाने पर अंतर की राशि / अधिक व्यय संबंधित सफल निविदादाता से वसूल किया जायेगा ।
10. उक्त कार्य सम्पादन / आपूर्ति में यदि किसी भी प्रकार की हानि होती है तो इसके लिए विभाग किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं करेगा न ही कोई जिम्मेवारी इस कार्यालय की होगी ।
11. न्यूजलेटर के छापने के बाद उसकी Soft Copy को DVD में कवर पेज सहित यानि पेज एक से अंत तक (पूरा न्यूजलेटर) इस कार्यालय को उपलब्ध करवाना होगा ।
12. सामग्री, आपूर्ति आदेश में वर्णित समयावधि (कार्यालय द्वारा निर्धारित) के भीतर ही करनी होगी । विलम्ब से आपूर्ति पर नियमानुसार शास्ति लगाई जायेगी ।
13. इस निविदा की दरें कार्यादेश की दिनांक से दो साल के लिए मान्य होगी ।
14. न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा की अनुमानित प्रतियों व पृष्ठों की संख्या में कमी या वृद्धि का सम्पूर्ण अधिकार कार्यालय के पास रहेगा ।
15. न्यूज लेटर मय प्रिन्टेड लिफाफा को पूर्णरूप से तैयार कर उसकी सप्लाई माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर को निर्धारित समय में करनी होगी ।
16. उक्त निविदा में सफल प्रस्तावक अपने कार्य को स्वयं के स्तर पर ही सम्पादित करेगा तथा स्वीकृत कार्य को किसी अन्य ऐजेन्सी या फर्म के माध्यम से नहीं करवायेगा अर्थात् सबलेट नहीं करेगा ।
17. सफल निविदादाता द्वारा कार्य में असफल रहने पर Second Lowest Bidder अथवा बाजार से मुद्रण कार्य करवाया जायेगा जिसके लिए स्वीकृत न्यूनतम दर से अधिक व्यय होने पर अन्तर की राशि सफल निविदादाता से वसूल की जायेगी ।
18. उक्त निविदा के क्रम में समस्त, सर्वोच्च एवं अंतिम वैधानिक अधिकार माननीय क्रय समिति / कार्यालय का होगा एवं यह निर्णय सभी पक्षकारों पर बाध्यकारी रहेगा तथा निविदा खोले जाने एवं स्वीकार किये जाने की तिथियों में परिवर्तन का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा ।
19. निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरिक्षत रहेगा ।
20. बिना बयाना राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी ।

जारी.............पृष्ठ / 3.

21.सफल निविदादाता को कार्यादेश राशि का 5% धरोहर राशि के रूप जमा करवाना होगा । इसमें पूर्व में जमा **2%** बयाना राशि का समायोजन किया जा सकता है । सभी महत्वपूर्ण शर्तें उसके बदले स्वीकार की गई सभी शर्तें तथा फर्म के साथ पत्र व्यवहार अनुबन्ध का भाग होगा ।

22.सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्ति के पश्चात् अपने खर्च पर रूपये **500/-** के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित अनुबंध पत्र भर कर प्रस्तुत करना होगा ।

23.सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी ।

24.इस संबंध में समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र जोधपुर रहेगा ।

निविदादाता के हस्ताक्षर

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

Annexure

घोषणा पत्र

(फर्म द्वारा स्वय के लेटर हेड पर घोषणा पत्र)

उपरोक्त समस्त जानकारी शर्तो को मैने / हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है । मुझे / हमे यह भी स्वीकार है कि श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा । यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी / हमारी फर्म द्वारा वास्तव मे निविदा मे चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वाछित मशीन / उपकरण / तकनीकी अनुभव व तकनीकी कर्मचारी आदि उपलब्ध है । राज्य सरकार / बोर्ड / विश्वविधालय / स्वायतशासी सस्थान / निगम / बैक आदि के द्वारा मेरी / हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नही किया हुआ है । प्रतीकस्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर मय सील कर दिये है ।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी / हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपहत किया जा सकेगा तथा बिड को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रदद किया जा सकेगा ।

दिनाक :

स्थान :

हस्ताक्षर निविदादाता

मय पता सील मोहर